**Series : LM3NK**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

**नोट**

*(I)* कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।

*(II)* प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

*(III)* कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।

*(IV)* **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

*(V)* इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। []

**NOTE**

*(I)* *Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map.*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **38** questions.*

*(IV)* *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों — **क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड **20** अंकों का है।

**खण्ड क : इतिहास**

**खण्ड ख : भूगोल**

**खण्ड ग : राजनीति विज्ञान**

**खण्ड घ : अर्थशास्त्र**

*(iii)* इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय और केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।

*(iv)* बहुविकल्पीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।

*(v)* अति लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।

*(vi)* लघु उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।

*(vii)* दीर्घ उत्तरीय प्रकार का प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।

*(viii)* केस-आधारित प्रश्न **4** अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। इन प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।

*(ix)* मानचित्र-आधारित प्रश्न (दो प्रश्न) **पाँच** अंकों के हैं :

खण्ड क (इतिहास) : **2** अंक

खण्ड ख (भूगोल) : **3** अंक

*(x)* अपनी उत्तर पुस्तिका को प्रश्न-पत्र के अनुरूप **चार** खण्डों में विभाजित कीजिए – खण्ड क (इतिहास), खण्ड ख (भूगोल), खण्ड ग (राजनीति विज्ञान) तथा खण्ड घ (अर्थशास्त्र)।

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसके संबंधित खण्ड में ही लिखना अनिवार्य है।

एक खण्ड के उत्तर दूसरे खण्ड के उत्तर के साथ नहीं लिखने हैं।

*(xi)* आवश्यकतानुसार प्रत्येक खण्ड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिए गए हैं।

*(xii)* कृपया ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।

*(xiii)* प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाना चाहिए।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **four** sections — **A**, **B**, **C** and **D**. Each section carries **20** marks.*

***Section A : History***

***Section B : Geography***

***Section C : Political Science***

***Section D : Economics***

*(iii)* *The question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and CBQs.*

*(iv)* *Multiple Choice Questions (MCQs) carry 1 mark each.*

*(v)* *Very Short Answer Type Questions (VSAs) carry **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(vi)* *Short Answer Type Questions (SAs) carry **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(vii)* *Long Answer Type Questions (LAs) carry **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(viii)* *There are cases based questions (CBQs) with three sub-questions and are of **4** marks each. Answer to each question should not exceed **100** words.*

*(ix)* *The map-based questions (two questions) carry **five** marks :*

*Section A (History) : **2** marks*

*Section B (Geography) : **3** marks*

*(x)* *Divide your answer sheet into **four** sections as per question paper – Section A (History), Section B (Geography), Section C (Political Science) and Section D (Economics).*

*It is compulsory to answer each question in its respective section.*

*Do not mix answers of one section into the other section.*

*(xi)* *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*(xii)* *Kindly note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(xiii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions must be attempted.*

## खण्ड क

## (इतिहास)

*20*

**1.** उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ मेत्सिनी ने 'यंग यूरोप' नामक गुप्त संगठन की स्थापना की थी। *1*

(A) बर्न (B) ब्रूसेल्स

(C) मार्सेई (D) वियना

**2.** नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* सोलहवीं सदी के मध्य तक आते-आते पुर्तगाली और स्पेनिश सेनाओं की विजय का सिलसिला शुरू हो चुका था तथा उन्होंने अमेरिका को उपनिवेश बनाना शुरू कर दिया था।

*कारण (R) :* स्पेनिश विजेताओं के पास सबसे शक्तिशाली परंपरागत हथियार थे।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

**3.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए। *1*

3000 ईसा पूर्व में समुद्री तटों पर होने वाले व्यापार के माध्यम से सिंधु घाटी सभ्यता ________ के इलाके से जुड़ी हुई थी।

(A) उत्तरी अमेरिका (B) दक्षिणी अमेरिका

(C) पश्चिम एशिया (D) दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया

**4.** कॉलम I का कॉलम II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *कॉलम I (भूमिका)* | | *कॉलम II (विद्वान)* |
|---|---|---|---|
| a. | वंदे मातरम् गीत | i. | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| b. | आध्यात्मिक गुणों से युक्त भारत माता का चित्र | ii. | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर |
| c. | बारदोली सत्याग्रह | iii. | अबनीन्द्रनाथ टैगोर |
| d. | 1932 में पूना पैक्ट | iv. | बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय |

**विकल्प :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (B) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (D) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

## SECTION A

**(History)** *20*

**1.** Identify the place where the secret underground society named 'Young Europe' was founded by Mazzini. *1*

(A) Berne (B) Brussels

(C) Marseilles (D) Vienna

**2.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : The Portuguese and Spanish conquest and colonisation of America was decisively under way by the mid-sixteenth century.

*Reason (R)* : The Spanish conquerors had the most powerful conventional weapons.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**3.** Choose the correct option to fill in the blank. *1*

The Indus Valley Civilization was linked to the ___________ region through coastal trade as early as 3000 BCE.

(A) North America (B) South America

(C) West Asia (D) South Australia

**4.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(Role)* | | *Column II* *(Scholar)* |
|---|---|---|---|
| a. | The song Vande Mataram | i. | Sardar Vallabhbhai Patel |
| b. | Picture of Bharat Mata with spiritual qualities | ii. | Dr. B.R. Ambedkar |
| c. | Bardoli Satyagraha | iii. | Abanindranath Tagore |
| d. | Poona Pact in 1932 | iv. | Bankim Chandra Chattopadhyay |

**Options :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (B) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (D) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

5. ‘मुद्रण संस्कृति’ की निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. ‘संवाद कौमुदी’ का प्रकाशन

II. साप्ताहिक पत्रिका ‘बंगाल गज़ट’ का प्रकाशन

III. ‘वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट’ को लागू किया गया

IV. ‘*रामचरितमानस*’ का पहला मुद्रित संस्करण

**विकल्प :**

(A) III, I, IV, II
(B) III, I, II, IV
(C) II, IV, III, I
(D) II, IV, I, III

6. दिए गए चित्र की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*


菩薩受記作佛而我等不預斯事甚自感傷
失於如來無量知見世尊我常獨處山林樹
下若坐若行每作是念我等同入法性云何
如來以小乘法而見濟度是我等咎非世尊
也所以者何若我等待說所因成就阿耨多
羅三藐三菩提者必以大乘而得度脫然我
等不解方便隨宜所說初聞佛法遇便信受
思惟取證世尊我從昔來終日竟夜每自剋

(A) कोरियाई जिक्जी (B) डायमंड सूत्र
(C) त्रिपिटक कोरियाना (D) चीनी लिपि

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **6** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से कौन-सी एक जापान की सबसे पुरानी मुद्रित पुस्तक है ? *1*

(A) डायमंड सूत्र (B) त्रिपिटक कोरियाना
(C) जापानी बाइबिल (D) उकियो

**5.** Arrange the following events of 'print culture' in chronological order and choose the correct option : *1*

I. Publication of 'Sambad Kaumudi'

II. Publication of weekly magazine 'Bengal Gazette'

III. 'Vernacular Press Act' was implemented

IV. The first printed edition of the '*Ramcharitmanas*'

**Options :**


(A) III, I, IV, II

(B) III, I, II, IV

(C) II, IV, III, I

(D) II, IV, I, III

**6.** Identify the given picture and choose the correct option : *1*


菩薩受記作佛而我等不預斯事甚自感傷
失於如來無量知見世尊我常獨處山林樹
下若坐若行每作是念我等同入法性云何
如來以小乘法而見濟度是我等咎非世尊
也所以者何若我等待說所因成就阿耨多
羅三藐三菩提者必以大乘而得度脫然我
等不解方便隨宜所說初聞佛法遇便信受
思惟取證世尊我從昔來終日竟夜每自剋

(A) Korean Jikji (B) Diamond Sutra

(C) Tripitaka Koreana (D) Chinese script

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***6****.*

Which one of the following is the oldest printed book in Japan ? *1*

(A) Diamond Sutra (B) Tripitaka Koreana

(C) Japanese Bible (D) Ukiyo

**7.** (क) यूरोप में मुद्रण के क्षेत्र में गुटेन्बर्ग के योगदान का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफ़ा।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**8.** (क) 1789 में फ्रांसीसी क्रांति को राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति क्यों माना जाता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) साम्राज्यवाद से जुड़कर राष्ट्रवाद किस प्रकार 1914 में यूरोप को महाविपदा की ओर ले गया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *5*

**9.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**भारत छोड़ो आंदोलन**

क्रिप्स मिशन की असफलता एवं द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभावों ने भारत में व्यापक असंतोष को जन्म दिया। इसके फलस्वरूप गाँधीजी ने एक आंदोलन शुरू किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेज़ों के पूरी तरह से भारत छोड़ने पर ज़ोर दिया। वर्धा में 14 जुलाई 1942 को अपनी कार्यकारिणी में काँग्रेस कार्य समिति ने ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सत्ता का भारतीयों को तत्काल हस्तांतरण एवं भारत छोड़ने की माँग की गई। 8 अगस्त 1942 को बंबई में अखिल भारतीय काँग्रेस समिति ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें पूरे देश में व्यापक पैमाने पर एक अहिंसक जन संघर्ष का आह्वान किया गया। इसी अवसर पर गाँधीजी ने प्रसिद्ध 'करो या मरो' भाषण दिया था। 'भारत छोड़ो' के इस आह्वान ने देश के अधिकतर हिस्सों में राज्य व्यवस्था को ठप्प कर दिया, लोग स्वत: ही आन्दोलन में कूद पड़े। लोगों ने हड़तालें कीं और राष्ट्रीय गीतों एवं नारों के साथ प्रदर्शन किए एवं जुलूस निकाले। यह आंदोलन वास्तव में एक जन आन्दोलन था जिसमें छात्र, मज़दूर और किसान जैसे हजारों साधारण लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें नेताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखी गई जिनमें जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली एवं राम मनोहर लोहिया और बहुत सारी महिलाएँ जैसे बंगाल से मातांगिनी हाजरा, असम से कनकलता बरूआ और उड़ीसा से रमा देवी थीं। अंग्रेज़ों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के बावजूद इसे दबाने में एक वर्ष से अधिक समय लग गया।

(9.1) भारत छोड़ो आंदोलन के प्रमुख उद्देश्य का उल्लेख कीजिए। *1*

(9.2) गाँधीजी ने अपना प्रसिद्ध 'करो या मरो' भाषण कहाँ दिया था ? *1*

(9.3) 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान विरोध के तरीकों की व्याख्या कीजिए। *2*

**7.** (a) Analyse Gutenberg's contribution to printing in Europe. *3*

**OR**

(b) "Printing is the ultimate gift of God and the greatest one." Analyse the statement. *3*

**8.** (a) Why is the French Revolution of 1789 considered the first clear expression of nationalism ? Explain with examples. *5*

**OR**

(b) How did nationalism, aligned with imperialism, lead Europe to disaster in 1914 ? Explain with examples. *5*

**9.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Quit India Movement**

The failure of the Cripps Mission and the effects of World War II created widespread discontentment in India. This led Gandhiji to launch a movement calling for complete withdrawal of the British from India. The Congress Working Committee, in its meeting in Wardha on 14 July, 1942, passed the historic 'Quit India' resolution demanding the immediate transfer of power to Indians and quit India. On 8 August, 1942 in Bombay, the All India Congress Committee endorsed the resolution, which called for a non-violent mass struggle on the widest possible scale throughout the country. It was on this occasion that Gandhiji delivered the famous 'Do or Die' speech. The call for 'Quit India' almost brought the state machinery to a standstill in large parts of the country as people voluntarily threw themselves into the thick of the movement. People observed *hartals* and demonstrations and processions were accompanied by national songs and slogans. The movement was truly a mass movement which brought into its ambit thousands of ordinary people, namely students, workers and peasants. It also saw the active participation of leaders, namely, Jayprakash Narayan, Aruna Asaf Ali and Ram Manohar Lohia and many women such as Matangini Hazra in Bengal, Kanaklata Barua in Assam and Rama Devi in Odisha. The British responded with much force, yet it took more than a year to suppress the movement.

(9.1) Mention the main aim of the Quit India Movement. *1*

(9.2) Where did Gandhiji deliver the famous 'Do or Die' speech ? *1*

(9.3) Explain the forms of protest observed during the 'Quit India Movement'. *2*

**10.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। *1*

B. वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। *1*

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर हैं।*

(10.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। *1*

(10.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। *1*

## खण्ड ख
## (भूगोल) *20*

**11.** कॉलम I का कॉलम II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *कॉलम I (मृदा का प्रकार)* | | *कॉलम II (विशेषता)* |
|---|---|---|---|
| a. | जलोढ मृदा | i. | बनावट में रेतीली और प्रकृति में लवणीय |
| b. | काली मृदा | ii. | बहुत उपजाऊ, पोटाश, फॉस्फोरस और चूना-युक्त |
| c. | लैटेराइट मृदा | iii. | लावा जनक शैलों से निर्मित, कपास कृषि के लिए उपयुक्त |
| d. | मरुस्थलीय मृदा | iv. | अर्द्ध-शुष्क पर्यावरण में ह्यूमस की मात्रा में कमी |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

**10.** Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where the session of Indian National Congress was held in 1927. *1*

B. The place where Gandhiji broke the Salt Law. *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***10****.*

(10.1) Name the place where the Indian National Congress session was held in 1927. *1*

(10.2) Name the place where Gandhiji broke the Salt Law. *1*

## SECTION B

## (Geography) *20*

**11.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(Type of Soil)* | | *Column II* *(Characteristic)* |
|---|---|---|---|
| a. | Alluvial soil | i. | Sandy in texture and saline in nature |
| b. | Black soil | ii. | Very fertile, containing potash, phosphorus and lime |
| c. | Laterite soil | iii. | Made from lava parent rocks, suitable for cotton cultivation |
| d. | Arid soil | iv. | Decrease in humus content in semi-arid environment |

**Options :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

**12.** खरीफ कृषि ऋतु की प्रमुख फसलों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) उड़द, चना, मूँगफली, सरसों

(B) गेहूँ, मटर, सोयाबीन, बाजरा

(C) मक्का, सरसों, चना, ज्वार

(D) धान, मक्का, मूँगफली, सोयाबीन

**13.** भारत के निम्नलिखित बाँधों की अवस्थिति को उत्तर से दक्षिण तक व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. प्रवारा  II. सलाल

III. कोयना  IV. गाँधी सागर

**विकल्प :**

(A) II, IV, III, I  (B) II, IV, I, III

(C) III, II, IV, I  (D) III, IV, II, I

**14.** (क) लौह एवं अलौह खनिजों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) ऊर्जा के परंपरागत एवं ग़ैर-परंपरागत स्रोतों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**15.** "रोपण कृषि एक प्रकार की वाणिज्यिक कृषि भी है।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। *3*

**16.** (क) "विनिर्माण उद्योग देश के आर्थिक विकास की रीढ़ समझे जाते हैं।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**अथवा**

(ख) "कृषि तथा उद्योग एक-दूसरे के पूरक हैं।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**12.** Choose the correct option related to main crops of Kharif cropping season : *1*

(A) Urad, Gram, Groundnut, Mustard

(B) Wheat, Peas, Soyabean, Bajra

(C) Maize, Mustard, Gram, Jowar

(D) Paddy, Maize, Groundnut, Soyabean

**13.** Arrange the location of the following dams of India from North to South and choose the correct option : *1*

I. Pravara | II. Salal

III. Koyna | IV. Gandhi Sagar

**Options :**

(A) II, IV, III, I | (B) II, IV, I, III

(C) III, II, IV, I | (D) III, IV, II, I

**14.** (a) Differentiate between ferrous and non-ferrous minerals. *2*

**OR**

(b) Differentiate between conventional and non-conventional sources of energy. *2*

**15.** "Plantation agriculture is also a type of commercial farming." Support the statement with suitable arguments. *3*

**16.** (a) "Manufacturing industries are considered the backbone of the economic development of the country." Justify the statement with suitable arguments. *5*

**OR**

(b) "Agriculture and industry move hand-in-hand." Justify the statement with suitable arguments. *5*

**17.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**संयुक्त वन प्रबंधन**

भारत में संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम क्षरित वनों के प्रबंध और पुनर्निर्माण में स्थानीय समुदायों की भूमिका के महत्त्व को उजागर करते हैं। औपचारिक रूप में इन कार्यक्रमों की शुरुआत 1988 में हुई जब ओडिशा राज्य ने संयुक्त वन प्रबंधन का पहला प्रस्ताव पास किया। वन विभाग के अंतर्गत 'संयुक्त वन प्रबंधन' क्षरित वनों के बचाव के लिए कार्य करता है और इसमें गाँव के स्तर पर संस्थाएँ बनाई जाती हैं जिसमें ग्रामीण और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप में कार्य करते हैं। इसके बदले ये समुदाय मध्य स्तरीय लाभ जैसे ग़ैर-इमारती वन उत्पादों के हकदारी होते हैं तथा सफल संरक्षण से प्राप्त इमारती लकड़ी लाभ में भी भागीदार होते हैं।

भारत में पर्यावरण के विनाश और पुनर्निर्माण की क्रियाशीलताओं से सीख मिलती है कि स्थानीय समुदायों को हर जगह प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में शामिल करना चाहिए। परंतु स्थानीय समुदायों को फैसले लेने की प्रक्रिया में मुख्य भूमिका में आने में अभी देर है। अत: वे ही विकास क्रियाएँ मान्य होनी चाहिए जो जनमानस पर केंद्रित हों, पर्यावरण हितैषी हों और आर्थिक रूप से प्रतिफलित हों।

(17.1) वनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? *1*

(17.2) 'संयुक्त वन प्रबंधन' कार्यक्रम में किस प्रकार के वनों का संरक्षण किया जाता है ? *1*

(17.3) वन संरक्षण के लिए स्थानीय समुदायों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

**18.** प्रश्न संख्या **10** के लिए दिए गए **भारत** के उसी रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27) पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(18.1) गुजरात में नर्मदा नदी पर बना सबसे बड़ा बाँध

(18.2) पंजाब स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(18.3) कर्नाटक स्थित सॉफ़्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(18.4) ओडिशा स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर हैं :*
*किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* *3×1=3*

(18.1) गुजरात में नर्मदा नदी पर बने सबसे बड़े बाँध का नाम लिखिए।

(18.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।

(18.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में सॉफ़्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है।

(18.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

**17.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Joint Forest Management**

In India the Joint Forest Management (JFM) programme furnishes a good example for involving local communities in the management and restoration of degraded forests. The programme has been in formal existence since 1988 when the state of Odisha passed the first resolution for joint forest management. JFM depends on the formation of local (village) institutions that undertake protection activities mostly on degraded forest land managed by the forest department. In return, the members of these communities are entitled to intermediary benefits like non-timber forest produces and share in the timber harvested by 'successful protection'.

The clear lesson from the dynamics of both environmental destruction and reconstruction in India is that local communities everywhere have to be involved in some kind of natural resource management. But there is still a long way to go before local communities are at the centre-stage in decision-making. Accept only those economic or developmental activities, that are people centric, environment-friendly and economically rewarding.

(17.1) Why is conservation of forests necessary ? *1*

(17.2) Which type of forests are protected under the 'Joint Forest Management' programme ? *1*

(17.3) Explain the role of local communities in forest conservation. *2*

**18.** On the same outline map of **India** (page 27) given for question no. **10**, locate and label any ***three*** of the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(18.1) The largest dam built on Narmada river in Gujarat

(18.2) International airport located in Punjab

(18.3) Software Technology Park located in Karnataka

(18.4) Major sea port located in Odisha

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***18*** *:*
*Answer any* ***three*** *questions.* *3×1=3*

(18.1) Name the largest dam built on Narmada river in Gujarat.

(18.2) Name the place where international airport is located in Punjab.

(18.3) Name the place where the Software Technology Park is located in Karnataka.

(18.4) Name the place where a major sea port is located in Odisha.

## खण्ड ग

## (राजनीति विज्ञान) *20*

**19.** बेल्जियम के संबंध में सही कथन की पहचान कीजिए। *1*


(A) यूरोप का एक छोटा देश

(B) एशिया का एक बड़ा देश

(C) उत्तरी अमेरिका का एक बड़ा देश

(D) अफ्रीका का एक छोटा देश

**20.** दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और भवन की पहचान कीजिए। *1*



(A) राष्ट्रपति भवन  (B) निर्वाचन सदन

(C) भारतीय संसद  (D) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***20*** *के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संसद का एक सदन है ? *1*

(A) विधान परिषद  (B) विधान सभा

(C) राज्य सभा  (D) विकास परिषद

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'साथ आकर संघ बनाने' का सर्वोत्तम उदाहरण है ? *1*

(A) इंग्लैंड  (B) स्पेन

(C) भारत  (D) स्विट्ज़रलैंड

## SECTION C

## (Political Science)

*20*

**19.** Identify the correct statement regarding Belgium. *1*


(A) Small country of Europe

(B) Big country of Asia

(C) Big country of North America

(D) Small country of Africa

**20.** Look at the given picture carefully and identify the building : *1*



(A) Rashtrapati Bhavan (B) Nirvachan Sadan

(C) Parliament of India (D) Supreme Court of India

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***20****.*

Which of the following is a house of the Indian Parliament ? *1*

(A) Legislative Council (B) Legislative Assembly

(C) Rajya Sabha (D) Vikas Parishad

**21.** Which one of the following is the best example of 'coming together federation' ? *1*

(A) England (B) Spain

(C) India (D) Switzerland

22. निम्नलिखित में से किस देश में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी का स्तर ऊँचा है ? *1*

(A) स्वीडन (B) कनाडा

(C) ब्राज़ील (D) भारत

23. जनमत निर्माण में राजनीतिक दलों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

24. भारत में महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए उपाय सुझाइए। *2*

25. भारतीय संविधान सामाजिक विविधताओं का समायोजन किस प्रकार करता है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *3*

26. (क) राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए। *5*

27. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सत्ता की साझेदारी के रूप**

राजनीतिक सत्ता का बँटवारा नहीं किया जा सकता – इसी धारणा के विरुद्ध सत्ता की साझेदारी का विचार सामने आया था। लंबे समय से यही मान्यता चली आ रही थी कि सरकार की सारी शक्तियाँ एक व्यक्ति या किसी खास स्थान पर रहने वाले व्यक्ति-समूह के हाथ में रहनी चाहिए। अगर फ़ैसले लेने की शक्ति बिखर गई तो तुरंत फ़ैसले लेना और उन्हें लागू करना संभव नहीं होगा। परंतु ये धारणाएँ लोकतंत्र के आविर्भाव के साथ-साथ बदल गई हैं। लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत है। इसमें लोग स्व-शासन की संस्थाओं के माध्यम से अपना शासन चलाते हैं। एक अच्छे लोकतांत्रिक शासन में, समाज के विभिन्न समूहों और उनके विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है और सार्वजनिक नीतियाँ तय करने में सबकी बातें शामिल होती हैं। इसलिए, उसी लोकतांत्रिक शासन को अच्छा माना जाता है जिसमें ज़्यादा से ज़्यादा नागरिकों को राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदार बनाया जाए।

(27.1) सरकार की समस्त शक्तियाँ एक ही व्यक्ति के हाथों में क्यों ***नहीं*** होनी चाहिए ? *1*

(27.2) सत्ता का बँटवारा क्यों आवश्यक है ? *1*

(27.3) स्व-शासन की संस्थाओं के माध्यम से शासन चलाना किस प्रकार लोकतंत्र को मज़बूत करता है ? स्पष्ट कीजिए। *2*

22. Which one of the following countries has a high level of women's participation in public life ? *1*

(A) Sweden (B) Canada

(C) Brazil (D) India

23. Explain the role of political parties in shaping public opinion. *2*

24. Suggest measures to increase the political representation of women in India. *2*

25. How does the Indian Constitution accommodate the social diversities ? Explain with examples. *3*

26. (a) Describe the main functions of political parties. *5*

**OR**

(b) Describe the main challenges before political parties in India. *5*

27. Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Forms of power sharing**

The idea of power sharing has emerged in opposition to the notions of undivided political power. For a long time, it was believed that all power of a government must reside in one person or group of persons located at one place. It was felt that if the power to decide is dispersed, it would not be possible to take quick decisions and to enforce them. But these notions have changed with the emergence of democracy. One basic principle of democracy is that people are the source of all political power. In a democracy, people rule themselves through institutions of self-government. In a good democratic government, due respect is given to diverse groups and views that exist in a society. Everyone has a voice in the shaping of public policies. Therefore, it follows that in a democracy, political power should be distributed among as many citizens as possible.

(27.1) Why should all the powers of the government ***not*** be in the hands of one person ? *1*

(27.2) Why is power sharing necessary ? *1*

(27.3) How does governing through institutions of self-government strengthen democracy ? Explain. *2*

**खण्ड घ**

**(अर्थशास्त्र)** *20*

**28.** नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए एवं उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : *1*

| राज्य | शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्म (2018) | साक्षरता दर % 2017 – 18 | निवल उपस्थिति अनुपात (प्रति 100 व्यक्ति) माध्यमिक स्तर (आयु 14 तथा 15 वर्ष) 2017 – 18 |
|---|---|---|---|
| P | 32 | 62 | 43 |
| Q | 7 | 94 | 43 |
| R | 30 | 82 | 61 |
| S | 20 | 83 | 78 |

उस राज्य की पहचान कीजिए जिसकी शिशु मृत्यु दर राज्य 'Q' से लगभग तीन गुना है।

(A) Q (B) P

(C) S (D) R

**29.** नीचे दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* विदेशी व्यापार उत्पादकों को घरेलू बाज़ारों से आगे तक पहुँचने का अवसर प्रदान करता है।

*कारण (R) :* विदेशी व्यापार घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं के विकल्प का विस्तार करता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

## SECTION D
## (Economics)

*20*

**28.** Study the table given below and answer the question that follows : *1*

| State | Infant Mortality Rate per 1000 live births (2018) | Literacy Rate % 2017 – 18 | Net Attendance Ratio (per 100 persons) secondary stage (aged 14 and 15 years) 2017 – 18 |
|---|---|---|---|
| P | 32 | 62 | 43 |
| Q | 7 | 94 | 43 |
| R | 30 | 82 | 61 |
| S | 20 | 83 | 78 |

Identify the State whose Infant Mortality Rate is almost three times that of State 'Q'.

(A) Q (B) P

(C) S (D) R

**29.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Foreign trade provides producers with opportunity to reach beyond domestic markets.

*Reason (R)* : The foreign trade expands the choice of goods other than those produced domestically.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**30.** प्रति व्यक्ति आय का अर्थ है : *1*

(A) देश की कुल जनसंख्या ÷ देश की कुल आय

(B) देश की कुल जनसंख्या ÷ देश की कुल संपदा

(C) देश की कुल जनसंख्या × देश की कुल आय

(D) देश की कुल जनसंख्या × देश की कुल संपदा

**31.** यदि कंपनियाँ अन्य देशों से कपास आयात करने का फैसला लेती हैं, तो घरेलू कपास खेती पर इसका क्या प्रभाव होगा ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. कम लाभदायक

II. अधिक लाभदायक

III. घरेलू कपास का मूल्य कम हो जाएगा

IV. घरेलू कपास का मूल्य बढ़ जाएगा

**विकल्प :**

(A) केवल I और IV सही हैं।

(B) केवल I और III सही हैं।

(C) केवल II और III सही हैं।

(D) केवल II और IV सही हैं।

**32.** नीचे दो कथन I एवं II दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन I :* 'माँग जमा' को माँग पर निकाला जा सकता है।

*कथन II :* 'माँग जमा' नकदी के उपयोग के बिना सीधे भुगतान का निपटान करती है।

**विकल्प :**

(A) कथन I सही है, परन्तु कथन II ग़लत है।

(B) कथन I ग़लत है, परन्तु कथन II सही है।

(C) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

**30.** The meaning of per capita income is : *1*

(A) Total population of the country ÷ Total income of the country

(B) Total population of the country ÷ Total wealth of the country

(C) Total population of the country × Total income of the country

(D) Total population of the country × Total wealth of the country

**31.** If companies decide to import cotton from other countries, what will be its impact on domestic cotton cultivation ? Choose the most appropriate option : *1*

I. Less profitable

II. More profitable

III. The price of domestic cotton will decrease

IV. The price of domestic cotton will increase

**Options :**

(A) Only I and IV are correct.

(B) Only I and III are correct.

(C) Only II and III are correct.

(D) Only II and IV are correct.

**32.** Two statements I and II are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Statement I :* 'Demand deposits' can be withdrawn on demand.

*Statement II :* 'Demand deposits' settle payments directly without the use of cash.

**Options :**

(A) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(B) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

(C) Both Statement I and Statement II are correct.

(D) Both Statement I and Statement II are incorrect.

**33.** अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्रक की सही विशेषता का चयन कीजिए। *1*

(A) सरकार द्वारा नियंत्रित

(B) व्यक्तिगत तौर पर नियंत्रित

(C) लोक कल्याण के लिए कार्य

(D) निर्धनों के लिए कार्य

**34.** एक समृद्ध किसान के लिए विकासात्मक लक्ष्य हो सकता है : *1*

(A) फसल का अधिक समर्थन मूल्य

(B) काम के अधिक दिन

(C) सामाजिक भेदभाव का निषेध

(D) बेहतर मज़दूरी

**35.** सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में केवल अंतिम वस्तुओं और सेवाओं की ही गणना क्यों की जाती है ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**36.** विश्वभर के उत्पादन को परस्पर जोड़ना किस प्रकार वैश्वीकरण को बढ़ावा देता है ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**37.** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए। *3*

**38.** (क) देश के आर्थिक विकास में ऋण के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) देश के ग्रामीण विकास में 'स्वयं-सहायता समूहों' के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। *5*

**33.** Choose the correct characteristic of private sector of the economy. *1*

(A) Controlled by the government

(B) Individually controlled

(C) Work for public welfare

(D) Work for the poor

**34.** The developmental goal for a prosperous farmer can be : *1*

(A) Higher support price for crops

(B) More days for work

(C) Prohibition of social discrimination

(D) Better wages

**35.** Why are only final goods and services counted in Gross Domestic Product (GDP) ? Explain. *2*

**36.** How does the interlinking of production across the world promote globalisation ? Explain. *3*

**37.** Suggest any three measures to increase employment opportunities in rural areas of the country. *3*

**38.** (a) Analyse the importance of credit in the economic development of the country. *5*

**OR**

(b) Analyse the importance of 'Self-Help Groups' in the rural development of the country. *5*

प्रश्न सं. 10 और 18 के लिए

For questions no. 10 and 18

